# 2025

## HINDI

Paper : HIN–0400404

[ हिन्दी साहित्य का इतिहास (अनिवार्य) ]

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) "जह मन पवन न संचरइ, रवि शशि नाह पवेश।
तहि वट चित्त विसाम करु, सरहे कहिअ उवेश॥"
—प्रस्तुत दोहा किस आदिकालीन कवि द्वारा रचित है?

(ख) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने किस कृति को हिन्दी का प्रथम महाकाव्य स्वीकार किया है?

(ग) 'चांदायन' के रचनाकार कौन हैं?

(घ) अष्टछाप की स्थापना किसने की थी?

(ङ) मतिराम की किसी एक रचना का नाम लिखिए।

(च) "सतसैया के दोहरे, ज्यों नावक के तीर।
देखन में छोटे लगें, घाव करें गम्भीर॥"
प्रस्तुत दोहा किस कवि की भाषा की समास-शक्ति की प्रशंसा के रूप में प्रचलित है?

(छ) कवि धूमिल का पूरा नाम क्या है?

(ज) जयशंकर प्रसाद विरचित किसी एक ऐतिहासिक नाटक का नाम लिखिए।

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **छः** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×6=12

(क) जैन साहित्य के अंतर्गत आने वाली किन्हीं दो कृतियों एवं उनके रचनाकारों के नाम लिखिए।

(ख) रासोसाहित्य की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) दादूदयाल किस काव्यधारा के कवि हैं? उनके द्वारा रचित किसी एक कृति का नाम बताइए।

(घ) रामकाव्य और कृष्णकाव्य में निहित किन्हीं दो अंतरों का खुलासा कीजिए।

(ङ) कवयित्री मीराँबाई की किन्हीं दो काव्यगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) हिन्दी साहित्य के उत्तर मध्यकाल के लिए प्रयुक्त 'शृंगारकाल' नामकरण में क्या आपत्ति है?

(छ) कविवर भूषण ने किन दो राजाओं की प्रशस्ति अपने काव्य में की है?

(ज) ब्राह्मसमाज की स्थापना किसने और किस ईस्वी सन् में की थी?

(झ) 'नयी कविता' से आप क्या समझते हैं?

(ञ) मुंशी प्रेमचन्द हिन्दी साहित्य-जगत् में 'उपन्यास-सम्राट्' के रूप में क्यों प्रसिद्ध हैं?





**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) हिन्दी साहित्य के आरम्भिक कालखण्ड के सीमांकन की समस्या पर विचार कीजिए।

(ख) नाथ साहित्य पर एक टिप्पणी लिखिए।

(ग) मलिक मुहम्मद 'जायसी' का साहित्यिक परिचय दीजिए।

(घ) 'रामचरितमानस' के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ङ) आचार्य केशवदास की साहित्यिक देन का उल्लेख कीजिए।

(च) रीतिमुक्त काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

(छ) भारतेन्दुयुगीन काव्यधारा की साहित्यिक प्रवृत्तियों पर उदाहरण-सहित प्रकाश डालिए।

(ज) कवि के रूप में अज्ञेय का परिचय दीजिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) हिन्दी साहित्य के आरम्भिक कालखण्ड के लिए 'आदिकाल' नामकरण की सार्थकता पर सतर्क विचार कीजिए।

(ख) संत काव्यधारा में महात्मा कबीरदास का स्थान निर्धारित कीजिए।

(ग) रीतिकालीन राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए।

(घ) छायावादी काव्यधारा की प्रमुख विशेषताओं को उदाहरण सहित दर्शाइए।

(ङ) स्वतंत्रता के बाद खड़ीबोली गद्य का विकास किस प्रकार हुआ, उसका सम्यक् लेखा-जोखा प्रस्तुत कीजिए।

★★★